# आया भाई दूज त्यौहार भईया घर आ जाओ

आया भाई दूज त्यौहार,
भईया घर आ जाओ,
तेरी बहना देखे बाट,
भईया घर आ जाओ।bd।

---

तेरी याद में भईया मेरी,
आँखें तरस रही कब से,
खुशियां मिल जाए दुनिया की सारी,
तू जो घर आ जाए,
तू ना आया तो बहना तेरी,
नहीं करेगी बात,
भईया घर आ जाओ,
आया भाई दूज त्योहार,
भईया घर आ जाओ।bd।

---

सुनले मेरी प्यारी बहना,
तुझसे दूर ना मैं रह पाऊं,
तू ही मेरे दिल की धड़कन,
तुझपे अपना सब मैं लुटाऊँ,
तूने बुलाया मुझको बहना,
आ गया तेरे पास,
ले मैं घर आ गया,
आया भाई दूज त्योहार,
भईया घर आ जाओ।bd।

---

आया भाई दूज त्यौहार,
भईया घर आ जाओ,
तेरी बहना देखे बाट,
भईया घर आ जाओ।bd।

**Singer – Ritu Karki**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com